# राष्ट्रीय सेवा योजना – वार्षिक रिपोर्ट

## सत्र – 2022–23

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में अमृत योग सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 14.06.2022 को योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय की लगभग 32 छात्राओं ने सहभागिता की।

अमृत योग सप्ताह के अंतर्गत श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाएं प्रति दिन योग अभ्यास के साथ विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता कर रहीं हैं। आज योग पर ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 22 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अर्पिता, दूसरे स्थान पर नेहा कुमारी, तृतीय स्थान मीनाक्षी सारस्वत एवं कीर्ति कुमारी एवं सांत्वना स्थान पर ज्योति कुमारी रहीं।

अमृत योग सप्ताह के अंतर्गत श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज योग पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 18 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कीर्ति कुमारी, दूसरे स्थान पर आशी वर्मा एवं नेहा कुमारी तृतीय स्थान मीनाक्षी सारस्वत एवं आकांक्षा पाठक एवं सांत्वना स्थान पर अर्पिता, मनीषा शीतल रहीं।

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 14.06.2022 से अमृत योग सप्ताह मनाया जा रहा है इसी श्रृंखला में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सपना सिंह के निर्देशन में दिनांक 20.06.2022 को महाविद्यालय प्रांगण में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पतंजलि योग संस्थान से योग प्रशिक्षक रश्मि जी ने मानवता के लिए परम कल्याणकारी योग दर्शन एवं योगासनों का ज्ञान दिया।

आज दिनांक 14.07.2022 को श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्या प्रो0 शर्मिला शर्मा एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सपना सिंह एवं प्रियंका दीक्षित ने एन0एस0एस0 की स्वयं सेविकाओं के साथ मिलकर 150 पौधों का वृक्षारोपण किया तथा उन्हें रखने का संकल्प लिया।

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने दिनांक 08.08.2022 को संयुक्त शिक्षा निर्देशक, अलीगढ़ मंडल, अलीगढ़ के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित जागरूकता रैली में सहभागिता की। रैली की शुरूआत नौरंगी इंटर कॉलेज अलीगढ़ से हुई जो कि सेंटर प्वाइंट एवं रेलवे स्टेशन होते हुए इंटर कॉलेज पर समाप्त हुई।

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में दिनांक 14.08.2022 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता डॉ. जी के गौड़ जी (रिटायर्ड प्रोफेसर राजनीति विज्ञान डी0एस0 कॉलेज, अलीगढ़ ने विभाजन से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों पर प्रकाश डाला साथ ही विभाजन ने होने वाले विस्तापन की दर्दनाक स्थिति से अवगत कराया। श्री कुंवर पाल उपाध्याय जी (प्रांत सहसंयोजक पर्यावरण संरक्षण आर0आर0एस0 ब्रज प्रांत) ने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर वीर सपूतों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। साथ ही विभाजन से सम्बन्धित चित्रों का भी प्रदर्शन भी किया गया।

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात् स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा पर आधारित फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं ने महात्मा गांधी, भगत सिंह की वेशभूषा को धारण कर लोगों को शहीद देशभक्तों के बलिदान का स्मरण कराया। साथ ही सेल्फी प्वाइंट का भी निर्माण किया गया। छात्राओं ने लोगों को सेल्फी लेने के लिए और सेल्फी को सोशल मीडिया पर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया।

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना ने दिनांक 16.08.2022 को खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जिसका शुभारंभ प्रो0 शर्मिला शर्मा जी ने किया।

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर्स रेंजर्स, एवं एन0सी0सी0 के तत्वावधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्या प्रो0 शर्मिला शर्मा के संरक्षण में दिनांक 17.08.2022 को स्वतंत्रता सेनानी श्री सुभाष चंद्र बोस पर आधारित फिल्म छात्राओं को दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से छात्राओं को मनोरंजन के साथ साथ बोस जी के जीवन एवं कार्यो के विषय में जानकारी प्राप्त हुई।

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में दिनांक 28.09.2022 को आईटीएम बिजनेस स्कूल के सहयोग से एक सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था Tips for vitual and physical interview. मुख्य वक्ता डॉ. स्निग्धा रानी ने इंटरव्यू की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण ज्ञानवर्धक बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में दिनांक 31 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं ने उत्साह से दौड़ में भागीदारी की और अपना स्थान सुनिश्चित किया मोहिनी चौहान प्रथम, कृतिका द्वितीय, डॉली तृतीय स्थान पर रहीं।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक जागरण की ओर से सुरक्षित यातायात महा अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है इसी के अंतर्गत श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, में दिनांक 09 दिसंबर 2022 को सुरक्षित यातायात को लेकर छात्राओं को प्रेरित करने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या। प्रोफेसर शर्मिला शर्मा के निर्देशन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सपना सिंह एवं प्रोफेसर शालिनी चौधरी द्वारा किया गया।

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एकदिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में क्लीन स्वीप 2 का प्रारम्भ हुआ जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम छात्राओं ने विष्णुपुरी क्षेत्र का सर्वेक्षण किया और लोगों को गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग अलग डालने को निवेदन किया। साथ ही साफ सफाई करने और नगर निगम द्वारा आ रहे सफाई कर्मियों को सहयोग करने की अपील की छात्राओं ने स्वयं भी स्वच्छता में श्रमदान किया और महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता में सहयोग दिया।

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत दिनांक 17.01.2023 को श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में रैली का आयोजन किया गया। छात्राओं ने स्लोगन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया।

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया जो कि स्वच्छ भारत अभियान थीम पर आधारित था। छात्राओं को स्वच्छता को बनाएं रखने और आस–पास स्वच्छता रखकर समाज के विकास और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। सर्वप्रथम छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर से स्वच्छता का कार्य प्रारम्भ किया तत्पश्चात् चंदनिया बस्ती में श्रमदान किया।

आज दिनांक 01.03.2023 मैं श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ए टू जेड एवं नगर निगम अलीगढ़ के सौजन्य से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत। मेरा कबाड़ मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री मनोज प्रभात, पार्षद जनकपुरी पुष्पेंद्र जादौन, वार्ड नंबर 64 के पार्षद श्री दिनेश गुप्ता, सैनिटरी इंस्पेक्टर श्री योगेंद्र याद, ए टू जेड के प्रोजेक्ट हेड श्री आनंद मिश्रा आदि ने छात्राओं को जागरूक किया कि वह सूखा कूड़ा तथा गीला कूड़ा अलग–अलग डालें तथा भारत को स्वच्छ बनाने में। योगदान दें प्लास्टिक के थैलों का प्रयोग ना करें।

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने दिनांक 21 – 27 मार्च 2023 तक सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरूआत उत्सव गार्डन पीएसी रामघाट रोड में हुआ। एन0एस0एस0 के कार्यक्रम अधिकारियों ने छात्राओं के साथ मिलकर सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा बनाते हुए समस्त छात्राओं को 10 टोलियों में विभाजित कर दिया। सभी डोलियों को अलग–अलग कार्य जैसे सफाई, खाना बनाना, खाने का वितरण करना, विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी आदि जैसे कार्य बांट दिए गए। टोलियों के मिलकर कार्य करने की जिम्मेदारी टोली नायकों को दी गई।

प्रथम दिन के दूसरे सत्र में स्वयं सेविकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए इस कार्यक्रम में श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ की शारीरिक शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती दीपिका चौधरी ने शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा के बारे में विस्तार से बताया तथा साथ ही छात्राओं को अभ्यास करके भी दिखाया।

शिविर का दूसरा दिन 22.03.2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के दिन नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा की शक्तियों को बताते हुए छात्राओं को स्वयं सेविकाओं को स्वयं की शक्ति को पहचानने एवं जीवन में प्रगति के उच्चतम शिखर की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में लखनऊ से आए विश्व स्वास्थ्य संगठन के कंसलटेंट डॉ. उमर ने छात्राओं को टी0बी0 और एच0आईवी0 के लक्षण, बचाव और इलाज के विषय में अत्यंत ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों से टी0वी0 के विषय में प्रश्न पूछे तथा साथ ही छात्राओं के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। क्षय रोग जागरूकता कार्यक्रम के जिला समन्वयक सत्येंद्र कुमार ने टी0वी0 जैसी घातक बीमारी के लिए जिला स्तर पर प्रशासन के द्वारा जो कार्य किए जा रहे हें तथा जिला अस्पतालों में मरीजों के इलाज एवं उन्हें मिलने वाली आर्थिक मदद के विषय में छात्राओं को जानकारी प्रदान की। जिला पीपीएम समन्वयक पीयूष अग्रवाल ने भी छात्राओं को टीवी की बीमारी होने पर किस प्रकार का भोजन उनके लिए आवश्यक है इसकी जानकारी प्रदान की। डेविड कुमार शाही, नईम अहमद मुकेश शर्मा, अरविंद और आदि ने भी टी0वी0 और एच0आई0वी0 के बारे में विस्तार से छात्राओं को समझाया। इन्होंने छात्राओं को अपने आसपास रहने वाले लोगों को इस बीमारी के विषय में बताते हुए उन्हें सचेत करने बीमारी के लक्षण इलाज और बचाव के विषय में बताने के लिए प्रेरित किया।

दिनांक 23.03.2023 और तालसपुर कलां को गांव को गोद लिया गया। गांव प्रधान अंजू बघेल ने इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को धन्यवाद दिया एवं छात्राओं के द्वारा गांव के लिए किए जाने वाले कार्यों में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का वादा किया। वहां उन्होंने गांव वासियों को टी0वी0 एवं अन्य संक्रामक बीमारियों के विषय में बताया साथ ही बीमारियों के लक्षण और इलाज के विषय में जानकारी प्रदान की।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष शिविर के चौथे दिन का आयोजन दिनांक 24.03.2023 उत्सव गार्डन पीएसी रामघाट रोड़ पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वयं सेविकाओं द्वारा सूर्य नमस्कार के साथ की गई। इसके पश्चात् स्वयं सेविकाओं की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया दौड़ में कीर्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर वेशाली सिंह तथा तृतीय स्थान पर कुमारी शिवानी रही। 24 मार्च को पूरे देश में निक्षय दिवस मनाया जा रहा है। हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने संपूर्ण भारत से टीवी जैसी

Scanned with OKEN Scanner

संक्रामक बीमारी को मिटाने के लिए वृहद सतर पर एक कार्यक्रम चलाया जा रहा है उसी के तहत आज राष्ट्रीय निक्षय दिवस के अवसर पर मुकेश कुमार शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को टीवी जैसे संक्रामक रोग के कारण लक्षण, उपचार और सावधानियों के प्रति जागरूक किया। शैलेन्द्र जी ने भी छात्राओं को टीवी से ग्रसित लोगों की सहायता करने तथा उन्हें अस्पताल ले जाकर उनका इलाज करवाने के लिए प्रेरित किया।

दिनांक 25.03.2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के विशेष शिविर के पांचवें दिन का आयोजन उत्सव गार्डन पीएसी रामघाट रोड पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वयं सेविकाओं ने सूर्य नमस्कार से की। आज छात्राओं को मेडिटेशन के विषय में जानकारी देने एवं मेडिटेशन की तकनीक को सिखाने के लिए श्री रामचंद्र मिशन के हर्टफुलनेस प्रोग्राम के अंतर्गत प्रिसेप्टर को बुलाया गया। वर्तमान में तनावपूर्ण जीवनशैली से लोगों में बढ़ते डिप्रेशन के कारण उनका जीवन बड़ा मुश्किल हो गया है ऐसे में किस प्रकार स्वयं को मानसिक रूप से स्वस्थ रखा जाए इस विषय पर हरिओम सारस्वत जी ने विस्तार से स्वयं सेविकाओं को बताया इसके पश्चात् नीरा सारस्वत जी ने स्वयं सेविकाओं को हृदय पर ध्यान केंद्रित करना का अभ्यास कराया। तत्पश्चात् वैशाली जी ने ध्यान से होने वाले फायदों के विषय में बताया। इसके पश्चात् स्वयं सेविकाओं ने आज तालसपुर कला गांव में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया जहां उन्होंने सड़कों की सफाई की। शिविर के द्वितीय चरण में छात्राओं के लिए कुछ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा प्रथम स्थान शालिनी ने प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर कुमारी रिया, कुमारी सोनिया एवं कुमारी मीनाक्षी रहे। तृतीय स्थान कुमारी कशिश, पूजा कुमारी तथा स्नेहा कुमारी नें प्राप्त किया इस प्रतियोगिता में नेहा फातिका एवं कुमारी प्रेमलता को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके पश्चात् पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका विषय था संक्रामक बीमारियों और उनसे बचने के उपाय इस प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान शालिनी ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान कुमारी अर्पिता ने प्राप्त किया तृतीय स्थान कुमारी कीर्ति ने प्राप्त किया।
आज दिनांक 26.03.2023 को शिविर के आयोजन उत्सव गार्डन पीएसी रामघाट रोड़ पर किया गया। शिविर के प्रथम चरण के कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर गजेंद्र सिंह रिटायर्ड प्रोफेसर धर्म समाज महाविद्यालय के द्वारा स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा एवं स्वयं के जीवन में हमेशा प्रयत्नशील रहने और कर्मठ होकर अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में छात्राओं को महिलाओं से जुड़े विभिन्न प्रकार की बीमारियां एवं छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शांति नर्सिंग होम से डॉक्अर को बुलाया गया। कार्यक्रम में शांति नर्सिंग होम की डॉ० शगुफ्ता जुबैदी ने छात्राओं को उनके शारीरिक विकास पर ध्यान देने एवं उससे संबंधित बीमारियों जैसे पीसीओडी इत्यादि के विषय में जानकारी प्रदान की।

इसके पश्चात् छात्राएं तलासपुर कलां गांव में गयी। आज स्वयं सेविकाओं ने गरीबों और असहाय लोगों के लिए सहायता कार्य के अंतर्गत बापू बाजार लगाया। जहाँ गरीबों को सभी कपड़े केवल 5 की कीमत पर वितरित किए गए। इसके पश्चात् छात्राओं की वेस्ट मटेरियल से बनी चीजों की प्रतियोगिता की गई इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें मेधा वार्ष्णेय ने प्रथम स्थान नेकहा फातिमा ने द्वितीय स्थान तथा मनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इसके पश्चात् शिविर में फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर तरूण कुमार ने छात्राओं को स्वस्थ शरीर एवं जीवन शैली के विषय में जानकारी प्रदान की उन्होंने छात्राओं को लंबाई के अनुसार सही वजन मोटापा आदि के विषय में भी बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सातवें दिन दिनांक 27.03.2023 को विशेष शिविर का समापन समारोह उत्सव गार्डन पीएसी रामघाट रोड में आयोजित किया गया। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत एकल नृत्य, नुक्कड़ नाटक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नारी शक्ति गीत, देशभक्ति गीत एवं टीवी की बीमारी पर एक प्रेरणादायक नाटिका की प्रस्तुति से वहां उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया।

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत यातायात महा अभियान पूरे प्रदेश में चला जा रहा है इसी के अंतर्गत श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय में आज दिनांक 05.01.2023 को सुरक्षित यातायात को लेकर छात्राओं को प्रेरित करने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य। प्रोफेसर शर्मिला शर्मा के निर्देशन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सपना सिंह एवं प्रोफेसर शालिनी चौधरी द्वारा किया गया छात्राओं को सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों पर ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया।

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत दिनांक 17.01.2023 को श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय अलीगढ़ में रैली का आयोजन किया गया। छात्राओं ने स्लोगन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया। छात्राओं ने लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की।

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत 18.01.2023 टीकाराम कन्या महाविद्यालय में एनएसएस विभाग के द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्या के निर्देशन में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 30 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का विषय सुरक्षित जीवन के लिए यातायात के सामान्य नियम एवं सावधानियां था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम०ए० पूर्वार्ध की छात्रा शिवांगी ने प्राप्त किया है द्वितीय स्थान बी०ए० द्वितीय वर्ष की निधि जादौन तृतीय स्थान बी०ए० द्वितीय वर्ष की ज्योति एवं प्रोत्साहन भी एम०ए० प्रथम वर्ष की सीमा को प्रदान किया गया।

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत दिनांक 20.01.2023 को श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में परिसर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 26 छात्राओं ने सहभागिता की। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कशिश गौर (बी०ए० प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान सीमा (बी०ए० प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान सोनिया शर्मा (बी०ए० द्वितीय वर्ष) एवं प्रोत्साहन स्थान वर्षा यादव (बी०ए० द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया।

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 23.01.2023 को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय अलीगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्राओं को सुभाष चौक पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता की शपथ दिलायी गई।




दिनांक 24 मार्च 2023

श्रमयोग पर पोस्टर प्रतियोगिता





दिनांक 26मार्च2023

बापू बाजार




25 अप्रैल 2023

रक्तदान विषय पर जागरूकता अभियान





दिनांक 15 मई 2023





दिनांक 12 मई 2023

योगा प्रशिक्षण





दिनांक 13 मई2023




21 जून 2023

योगा दिवस कार्यक्रम




दिनांक 13 मई 2023

योगा प्रशिक्षण

Scanned with OKEN Scanner

# एन.सी.सी.(राष्ट्रीय कैडेट कोर) वार्षिक रिपोर्ट, सत्र- 2022-23

एनसीसी विभाग की ओर से वर्ष भर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनका विवरण इस प्रकार है-

**रैंक सेरेमनी-**

प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सर्वप्रथम रेंक सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें निम्नलिखित कैडेट्स को रैंक प्रदान की गई- मुस्कान राना, श्रुति पाठक, मोनिका सिंह, रिचा शर्मा, भावना शर्मा, कविता कुमारी, वंदना सरस्वत, स्नेहा गौतम, प्रीती, डॉली सिंह।



Scanned with OKEN Scanner

**विभिन्न कैंप-**

**TSC (Thal Sena Camp)** दिनांक-19/7/2022-28/72022, आयोजन स्थल-मथुरा

प्रतिभागी कैडेट्स- कुमारी दीक्षा, कुमारी दीपांशी, कुमारी वंदना।

**RCTC(Rock Climbing & Training Camp)** दिनांक- 7/9/2022-12/9/2022

आयोजन स्थल- पिथौरागढ़

प्रतिभागी कैडेट्स- श्रुति पाठक

**CATC-45(Combined Annual Training Camp)**

आयोजन स्थल- सीबी गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ, मथुरा रोड, अलीगढ़।

प्रतिभागी कैडेट्स- संख्या 77 + 2 = 79 कैरेट्स

कैम्प में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं जिनमें निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त किये-

**रस्साकशी प्रतियोगिता- गोल्ड मेडल**

विजय प्रतिभागी- मुस्कान राना, रिचा शर्मा, रजिया बानो, नैंसी वशिष्ठ, उपासना दुबे, प्राची यादव, मुस्कान किशोर, कंचन।

Scanned with OKEN Scanner



**गार्ड ऑफ़ ऑनर- गोल्ड मेडल**






विजय प्रतिभागी- मुस्कान राना, श्रुति पाठक, मोनिका सिंह, कविता कुमारी, डौली सिंह, रिया शर्मा।

Scanned with OKEN Scanner

**बेस्ट फायरर- गोल्ड मेडल**

विजय प्रतिभागी- वंदना सारस्वत



Scanned with OKEN Scanner

**स्पीच कंपटीशन- गोल्ड मेडल**

विजय प्रतिभागी- अनुपम



**खो-खो- सिल्वर मेडल**

विजय प्रतिभागी- रजिया बानो, मुस्कान राना, भावना शर्मा, भारती, अनुपम, सुरभि चौधरी, पूजा, मनीषा कुमारी।

**ALC (Advance Leadership Camp)** दिनांक 14.12.2022 - 23.12. 2022

आयोजन स्थल- आगरा

प्रतिभागी कैडेट्स- मुस्कान राना, मोनिका सिंह।

**EBSB (Ek Bharat Shreshth Bharat)** दिनांक 11.10.2022 - 19.10.2022

आयोजन स्थल- झांसी

Scanned with OKEN Scanner

प्रतिभागी कैडेट्स- रिचा शर्मा, कविता कुमारी, डॉली सिंह।

**CATC (Combined Annual Training Camp)**दिनांक 5.01.2023 - 12.01.2023

आयोजन स्थल- मथुरा

प्रतिभागी कैडेट्स- निशा सिंह, रिंकी, शीतल कुमारी, कल्पना कुमारी, शिवानी, सोनी, हेमलता।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एन.सी.सी. विभाग की ओर से कैडेट्स की प्रतिभा के निखार एवं उत्साह वर्द्धन हेतु ड्रिल कंपटीशन, पोस्टर मेकिंग एवं निबंध लेखन इत्यादि प्रतियोगिता आयोजित की गईं जिनका विवरण इस प्रकार है-


**ड्रिल कंपटीशन- दिनांक- 18.01.2023**

विजय प्रतिभागी- भावना शर्मा, वंदना सारस्वत, उमा गौतम, रिचा शर्मा, कुमारी पूजा।

**निबंध लेखन प्रतियोगिता- दिनांक- 19.01.2023**



Scanned with OKEN Scanner



**विभिन्न वार्षिक गतिविधियाँ-**

**सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली- दिनांक 22 अप्रैल, 2022** को एनसीसी तथा एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर जन सामान्य को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया इस अवसर पर प्राचार्या महोदया प्रो. शर्मिला शर्मा तथा महाविद्यालय की प्रवक्तागण उपस्थित रहीं।



Scanned with OKEN Scanner

**सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली सड़क सुरक्षा सप्ताह** 24 मई, 2022

दिनांक 24 मई,2022 को सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय के



एनसीसी कैडेट्स द्वारा जागरूकता का प्रचार किया गया। रैली का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. शर्मिला शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रवक्तागण एवं उपस्थित रहीं।


Scanned with OKEN Scanner

**पोस्टर, स्लोगन एवं क्विज प्रतियोगिता- 25-26 मई, 2022**

दिनांक 25-26 मई,2022 को एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर्स रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर, स्लोगन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टर बनाए तथा स्लोगन लिखे ।



Scanned with OKEN Scanner




**विश्व साइकिल दिवस- दिनांक-03जून,2022** आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला के अंतर्गत 03 जून, 2022 को थ्री यूपी गर्ल्स बटालियन तथा एनसीसी कैडेट के संयुक्त तत्वावधान में साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

**विश्व योग दिवस 21 जून, 2022**

दिनांक 21 जून, 2022 को विश्व योग दिवस के अवसर पर धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़ के प्रांगण गर्ल्स बटालियन के संयुक्त प्रावधान में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**सैनिकों के लिए भेजी राखियाँ- 4 अगस्त, 2022**

टीकाराम कन्या महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने इनरव्हील क्लब, अलीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सैनिकों की राखियाँ भेजीं-

Scanned with OKEN Scanner





**सद्भावना रैली- दिनांक 11 अगस्त, 2022** को श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय में अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत सद्भावना रैली निकाली गई-



Scanned with OKEN Scanner



**सद्भावना रैली- दिनांक 11 अगस्त, 2022** को श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय में अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत सद्भावना रैली निकाली गई-



Scanned with OKEN Scanner

**दिनांक 14 अगस्त, 2022 को हर घर तिरंगा कार्यक्रम** के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स ने प्रभात फेरी निकाल कर लोगों के मन में देशभक्ति की भावना जगाई।



**दिनांक 22 दिसंबर, 2022** को श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय में संस्थापक दिवस मनाया गया इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स में मुख्य अतिथि महोदय को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया-

Scanned with OKEN Scanner

**दिनांक 25 जनवरी, 2023** को श्री टीकाराम करने महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया-



**गणतंत्र दिवस पर तिरंगे को दी सलामी- 26 जनवरी, 2023** गणतंत्र दिवस के अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

Scanned with OKEN Scanner

**राष्ट्रीय संगोष्ठी- चार-पाँच मार्च, 2023** को राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर NCC कैडेट्स ने मुख्य अतिथि महोदय को गार्ड ऑफ ऑनर दिया-



Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner